JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

YOEBTUJ

# संकलित परीक्षा - II (2015-2016)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा -IX

अधिकतम अंक :90

**निर्धारित समय : 3 घंटे**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।

(2) खंड -क प्रश्न संख्या 2 मुक्त पाठ पर आधारित है।

(3) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड-क
### ( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )

10

1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x5=10)

हम अपने पूर्वजों से मिले साफ-सुथरे पर्यावरण को खतरे में डाल चुके हैं। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा पूरे विश्व के ऊपर मंडरा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग आखिर है क्या ? इसका अर्थ है कि पूरी पृथ्वी के तापमान में पिछले दस सालों से असाधारण और अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस तापमान वृद्धि का असर बहुत सी चीजों जैसे - ऋतुओं की अवधि, फसलों तथा अन्य बहुत से हालातों पर पड़ा है। तापमान अधिक बढ़ने से उत्तरी ध्रुवीय ग्लेशियर तथा दक्षिण ध्रुवीय ग्लेशियर पिघल सकते हैं। इससे समुद्र के पानी का स्तर और ऊँचा हो जाएगा।

ग्लोबल वार्मिंग की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है। इस समस्या का कारण मनुष्य ही है। आने वाली पीढ़ी चैन से सांस लेने के बजाय अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष करती नजर आएगी। 21 ऐसे औद्योगिक देश हैं जो वायुमण्डल में लगभग 80 प्रतिशत कार्बन डाई-ऑक्साइड छोड़ते हैं, जिनमें अमेरिका सर्वोपरि है।

बढ़ते तापमान का दुष्परिणाम हमारे देश की जीवन रेखा कहलाने वाले मानसून पर दिखाई पड़ने लगा है अब पता नहीं चलता कि वर्षा कब आएगी और कितने समय रहेगी। तापमान बढ़ने से हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने की दर तेजी से बढ़ रही है। इससे नदियों में ज्यादा पानी आएगा जो बाढ़ की मुसीबत पैदा करेगा और फिर नदियाँ हमेशा के लिए सूख जाएंगी। गंगा को जीवनदान देने वाला गंगोत्री ग्लेशियर 30 मीटर सालाना की दर से सिकुड़ता जा रहा है।

बर्फ पिघलने से स्वाभाविक रूप से समुद्र के जल स्तर में वृद्धि होने लगी है जिसकी वजह से कई टापुओं और विभिन्न तटीय देशों के डूबने का खतरा बना हुआ है। जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ-साथ समुद्रीय जल का तापमान भी बढ़ता जा रहा है।

(क) हम किसे खतरे में डाल चुके हैं ? और क्यों ?

(ख) तापमान वृद्धि का असर किस-किस पर हुआ है ?

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

(ग) लेखक ने आने वाली पीढ़ी के लिए किसे चुनौती कहा है ?
(घ) लेखक के अनुसार किनके डूबने का खतरा बना हुआ है ? और क्यों ?
(ङ) ग्लोबल वार्मिंग का क्या तात्पर्य है?

## (मुक्त पाठ)

**('कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है)**

**विषय- महिला सशक्तिकरण**

2(i) महिला सशक्तीकरण के संदर्भ में सरकार की योजनाओं ने जन समुदाय की सोच को किस प्रकार बदला है स्पष्ट कीजिए?

2(ii) 'आधुनिक नारी, सब पर भारी'- वाक्यांश नारी के किस रूप को व्यंजित करता है। महान नारियों का उल्लेख करते हुए नारी के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड ख

## (व्यावहारिक व्याकरण)

3 (क) निम्नलिखित वर्ण - विच्छेदों के लिए शब्द लिखिए :
(1) अ + क् + ष् + अ + र् + अ
(2) ध् + व् + अ + न् + इ

(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए:
सगति, चाद

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जिसमें अनुनासिक चिह्न का प्रयोग होता है :
महगाई, सकट

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से नुक्ते के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटिए:
शुक्रिया, फजीहत

(क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए :
(1) राका + ईश
(2) अनु+ एषण

(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए :
(1) मात्राज्ञा
(2) महोत्सव

(क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग-अलग करके लिखिए :
(1) हमउम्र
(2) लाइलाज

(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग करके लिखिए :
चमकीला

(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए :

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

(1) बाप रे बाप! इस लड़की की ज़ुबान तो कैंची की तरह चलती है।
(2) वे बीमार हैं, इसलिए धीरे-धीरे चल रहे हैं।
(3) बताइए, क्या खाना बनाया है।

## खण्ड ग
### ( पाठ्य-पुस्तक )

**पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1 )**

6 भारतीय संस्कृति से रामन को हमेशा ही गहरा लगाव रहा। उन्होंने अपनी भारतीय पहचान को हमेशा अक्षुण्ण रखा। अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि के बाद भी उन्होंने अपने दक्षिण भारतीय पहनावे को नहीं छोड़ा। वे कट्टर शाकाहारी थे और मदिरा से सख्त परहेज रखते थे। जब वे नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने स्टॉकहोम गये तो वहाँ उन्होंने अल्कोहल पर रामन प्रभाव का प्रदर्शन किया। बाद में आयोजित पार्टी में जब उन्होंने शराब पीने से इन्कार किया तो एक आयोजक ने परिहास में उनसे कहा कि रामन ने जब अल्कोहल पर रामन प्रभाव का प्रदर्शन कर हमें आह्लादित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी तो रामन पर अल्कोहल के प्रभाव का प्रदर्शन करने से परहेज क्यों? 5

(क) रामन ने अपनी भारतीय पहचान को अक्षुण्ण कैसे रखा?
(ख) स्टॉकहोम में रामन ने क्या प्रदर्शन किया?
(ग) आयोजक ने परिहास में क्या कहा?

7 'धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने-भिड़ाने की स्वार्थसिद्धि का शर्मनाक उदाहरण हमारी स्वतंत्रता का इतिहास बार-बार दोहराता रहा है।' 'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए। 5

**निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(2+2+1)**

8(i) महादेव भाई अपना परिचय किस प्रकार देते थे? 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर लिखिए। 2

8(ii) गंगा, सिंधु और मही नदी के किनारों में क्या समानता है ? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार पर लिखिए। 2

8(iii) रामन भावुक एवं प्रकृति-प्रेमी होने के अलावा और क्या थे? 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर लिखिए। 1

**पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)**

9(i) 'अग्निपथ' कविता के आधार पर लिखिए कि क्या घने वृक्ष भी हमारे मार्ग की बाधा बन सकते हैं ? 2

9(ii) क्या अछूत ने अपनी रक्षा के समर्थन में कुछ कहा ? उसके लिए वे सात दिन काटना क्यों मुश्किल था।'एक फूल की चाह'कविता के आधार पर लिखिए 2

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

9(iii) 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर लिखिए कि शुक जिस डाल पर बैठा है, उसकी क्या विशेषता है?

10 जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने में किस प्रकार का जीवन बाधक बन सकता है ? 'अग्निपथ' कविता के आधार पर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

11 'ब्रिटिश शोषण से बचने के लिए गाँधी जी के सुझाए मार्ग के अतिरिक्त क्या कोई और उपाय संभव था?' 'दिए जल उठे' पाठ में मानवतावादी विचार धारा के आधार पर अपने विचार लिखिए। 5

## खण्ड घ
### (लेखन)

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

12(I) हिंदी बनी हिंग्लिश 5

- हिंदी में अंग्रेजी शब्दों का चलन
- देवनागरी लिपि से दूर होते लोग
- निष्कर्ष

OR/अथवा

12(ii) राष्ट्रीय संपत्ति-सबकी संपत्ति 5

- राष्ट्रीय संपत्ति क्या है?
- स्वामी कौन?
- क्या करें?

OR/अथवा

12(iii) जीवन में त्याग का महत्व 5

- त्याग क्या है
- आवश्यकता
- निष्कर्ष

13 छात्रावास में पढ़ने वाले अपने छोटे भाई को दीपावली पर बम व पटाखे इत्यादि न फोड़ने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। 5

14 *दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को 20-30 शब्दों मेंअपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए।* 5



15 किसी प्रतियोगिता के लिए जाते हुए दो प्रतिभागियों का संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

16 'मृदुला' कोल्ड क्रीम पर20-25 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

-o0o0o0o-



Thats all

JSUNIL TUTORIAL